उत्तर प्रदेश सरकार
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
तुलसी गंगा काम्पलेक्स, 19सी विधानसभा मार्ग,
उ0प्र0,लखनऊ - 226001
दूरभाष/फैक्स: 0522-2236172 फैक्स- 0522-2235806
Web-www.uppbpb.gov.in

पुरूषों के लिये उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस, प्लाटून कमाण्डर पी0ए0सी0 एवं अग्निशमन द्वितीय अधिकारी के पदों पर सीधी भर्ती-2016 तथा महिलाओं के लिये उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2016 के अन्तर्गत आनलाइन परीक्षा के आधार पर अभिलेखों की संवीक्षा तथा शारीरिक मानक परीक्षा हेतु चयनित/अचयनित अभ्यर्थियों के सम्बन्ध में सूचना

विज्ञप्ति

संख्याःपीआरपीबी-अनु-6-प-18/2016 दिनांकः मई 30 ,2018

पुरूषों के लिये उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस, प्लाटून कमाण्डर, पी0ए0सी0 एवं अग्निशमन द्वितीय अधिकारी के पदों पर सीधी भर्ती-2016 तथा महिलाओं के लिये उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2016 के क्रम में आनलाइन परीक्षा दिनांक 12-12-2017 से 23-12-2017 के मध्य आयोजित की गयी थी।

2- आनलाइन परीक्षा के आधार पर प्रश्नों एवं उनके उत्तर विकल्पों के सम्बन्ध में दिनांक 02-01-2018 से 09-01-2018 तक तथा दिनांक 29-03-2018 से 01-04-2018 तक अभ्यर्थियों से आपत्तियां आमंत्रित की गयीं थीं।

3- प्राप्त आपत्तियों के संतोषजनक निराकरण की कार्यवाही के पश्चात अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षा (**DV/PST**) हेतु चयनित/अचयनित अभ्यर्थियों के सम्बन्ध में सूचना बोर्ड की वेबसाइट पर आज रात्रि 10 बजे से दिनांक 10-06-2018 तक प्रदर्शित की जायेगी। अभ्यर्थी अपना परिणाम पंजीकरण संख्या तथा जन्मतिथि की प्रविष्टि करके देख सकते हैं। जो अभ्यर्थी **DV/PST** हेतु चयनित हैं उनके परिणाम में **Selected for DV/PST** (आप **DV/PST** के लिये चुने गये हैं) तथा जो अभ्यर्थी **DV/PST** हेतु अचयनित हैं उनके परिणाम में **Not Selected for DV/PST** (आप **DV/PST** के लिये नहीं चुने गये हैं) प्रदर्शित होगा।

4- अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षा जनपद मुख्यालय - कानपुर नगर, गोरखपुर, लखनऊ, आगरा, बरेली, मेरठ, वाराणसी तथा इलाहाबाद के रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित की जायेगी तथा परीक्षा की तिथि निर्धारित करते हुये अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र प्राप्त होने की व्यवस्था शीघ्र ही बोर्ड की वेबसाइट पर की जायेगी।

30.5.18

अपर सचिव, भर्ती
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।